प्रेषक,

महानिदेशक,
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0,
स्वास्थ्य भवन, लखनऊ।

सेवा में,

1. समस्त मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0।
2. समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी, उ0प्र0।
3. समस्त प्रमुख / मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मण्डलीय / जिला / जिला संयुक्त चिकित्सा, उ0प्र0।

पत्रांकः- 21फ/सं0रो0/2021/ लखनऊ, दिनांक 15/4/2021

विषय- कोविड-19 की जाचोंपरान्त रिपोर्ट की प्रत्याशा में लक्षणयुक्त व्यक्तियों के उपचार के सम्बन्ध में।

महोदय,

आप अवगत हैं कि वर्तमान में पूरे देश सहित प्रदेश में भी कोविड-19 का संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है तथा बड़ी संख्या में व्यक्ति कोविड-19 से संक्रमित हो रहे हैं। यहां यह भी अवगत कराना है कि वर्तमान में प्रत्येक चिकित्सालय में लक्षणयुक्त व्यक्ति जांच हेतु आ रहे हैं, परन्तु कोविड रोगियों की संख्या में वृद्धि के दृष्टिगत कतिपय कारणों से प्रयोगशाला रिपोर्ट समय से प्राप्त न होने की दशा में सम्भावित कोविड रोगियों के उपचार में अनावश्यक विलम्ब हो रहा है।

अतः उपरोक्त के दृष्टिगत कोविड जांच कराने आये व्यक्तियों में से लक्षणयुक्त व्यक्तियों को निम्नानुसार औषधियां जो पूर्व से एक साथ एकत्रित कर पैक की जायेंगी को तुरन्त उपलब्ध कराते हुये औषधि लेने की विधि एवं बचाव हेतु उचित सलाह (मास्क को अनिवार्य रुप से पहनना, बार-बार हाथ धोना अथवा सैनीटाइजर का प्रयोग करना एवं सामाजिक दूरी के प्रोटोकॉल का पालन करना) आदि देना सुनिश्चित करें:-

| Medicine | Dosage | Timing - Freq. - Duration |
|---|---|---|
| 1) TAB IVERMECTIN 12<br>*Note* : stop after 3 days | 1 — 0 — 0 | Before Food - Daily - 3 Days |
| 2) TAB AZITHROMYCIN 500<br>*Note* : stop after 3 days | 1 — 0 — 0 | After Food - Daily - 3 Days |
| 3) TAB DOXY 100<br>*Note* : stop after 10 th day | 1 — 0 — 1 | After Food - Daily - 7 Days |
| 4) TAB CROCIN 650 | 1 — 1 — 1 — 1 | Before Food - Daily - 3 Days |
| 5) TAB CROCIN 650<br>*Note* : day 4 onward for fever , body pain | | Before Food |
| 6) LIMCEE 500MG TABLET<br>*Composition* : ASCORBIC ACID 500 MG | 1 — 1 — 1 | Before Food - Daily - 10 Days |
| 7) ZINCONIA 50MG TABLET<br>*Composition* : ELEMENTAL ZINC 50 MG | 1 — 0 — 1 | Before Food - Daily - 10 Days |
| 8) CALCIROL SACHET<br>*Composition* : CHOLECALCIFEROL 60000 IU<br>*Note* : once per week for 6 weeks after that once per month | | |

***Advice***: प्रतिदिन ३ से ४ लीटर गुनगुना पानी , दिन मे तीन बार भाप ले ,आठ घंटे सोयें ,४५ मिनट व्यायाम करें या टहले . monitor oxygen saturation inform if it falls below 95% or you feel any respiratory distress

भ व दी य

(डी0एस0 नेगी)
महानिदेशक,

पत्रांकः 21फ/सं0रो0/2021/ 450)-5 तद्दिनांकः

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः-

1. अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन।
2. विशेष सचिव, उ0प्र0 शासन, चिकित्सा अनुभाग - 5
3. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
4. राज्य सर्विलांस अधिकारी, आई0डी0एस0पी0, संचारी रोग, स्वास्थ्य भवन, लखनऊ।
5. गार्ड फाईल।

15/04/21

निदेशक,
संक्रामक रोग, उ0प्र0